लखनऊ में 56,299 करोड़ का निवेश

निवेशक शिखर सम्मेलन में 331 इंटेंड, हुए 262 एमओयू

जासं, लखनऊ : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले लखनऊ में बड़े निवेश पर मुहर लग गई। एक दिवसीय लखनऊ निवेशक शिखर सम्मेलन में 56,299 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव पास हो गए। प्रशासन और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रयास से उद्योग को लगी निवेश की बूस्टर डोज से हाउसिंग, कृषि, डेयरी, लाजिस्टिक, टेक्सटाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में निवेश के लिए बड़ी संख्या में निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई है।

10 फरवरी से लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। समिट में दुनियाभर से निवेशक आ रहे हैं। समिट से पहले ही स्थानीय निवेशकों द्वारा 50 हजार करोड़ से अधिक निवेश को हरी झंडी मिलने से बड़े पैमाने पर रोजगार और नौकरियों के अवसर भी पैदा होंगे। गोमतीनगर में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित निवेशक सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद थे।

हाउसिंग सेक्टर में निवेशकों ने काफी दिलचस्पी दिखाई है। शालीमार कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 2,032 करोड़ का निवेश किया गया। ओमेक्स लिमिटेड द्वारा 1,500 करोड़, अमरावती रेजिडेंसी लिमिटेड द्वारा 1,400 करोड़, रिसौता डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 903 करोड़, सफायर इन्फ्रावेन्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 226 करोड़, एरोलाय टेक्नोलाजी लिमिटेड द्वारा 300 करोड़ तथा लैबकैम पैथलैब द्वारा 45 करोड़ के एमओयू किए गए। निवेश सारथी पोर्टल के आनलाइन डाटा के अनुसार अब तक 331 इंटेंट दाखिल किए गए, जिसमें 56299 करोड़ के 262 एमओयू किए गए। कृषि और सहयोगी क्षेत्र में 24 निवेशकों द्वारा 329.2 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उद्यान क्षेत्र में 238.1 करोड़, कृषि में 47 करोड़, डेयरी में 10 करोड़, मत्स्य में दस लाख, खाद्य प्रसंस्करण में 14 करोड़, वेयर हाउसिंग सेक्टर में 20 करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित निवेशक शिखर सम्मेलन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का सम्मान करते आइआइएके अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, साथ में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल • जागरण

2 हजार करोड़ का निवेश शालीमार कंपनी हाउसिंग सेक्टर में करेगी

1.5 हजार करोड़ रुपये ओमेक्स लि. और 1.4 हजार करोड़ अमरावती रेजिडेंसी लगाएगी

एकदिवसीय निवेशक सम्मेलन में 50 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू साइन किए गए। उद्यमियों को यहां व्यवसाय करने में कोई समस्या नहीं होगी। उनकी हर जरूरत को समय रहते पूरा किया जाएगा। सम्मेलन के जरिये जो प्रयास किया गया है, उससे निश्चित ही लखनऊ को ही नहीं, प्रदेश को ग्रोथ मिलेगी।

सूर्यपाल गंगवार, जिलाधिकारी, लखनऊ

जनप्रतिनिधि संभालें निवेशक सम्मेलनों की कमान : योगी

मंगलवार को लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर अलीगढ़, एटा, कासगंज और हाथरस जनपद के सांसद व विधायक के साथ विकास परियोजनाओं एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

- सीएम ने जनप्रतिनिधियों के साथ की मंडलों के विकास कार्यों की समीक्षा
- कहा, उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आ रहे दुनियाभर के निवेशक

इन मंडलों की हुई समीक्षा

आगरा, सहारनपुर, आजमगढ़, झांसी, मुरादाबाद, अलीगढ़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10-12 फरवरी को लखनऊ में आयोजित 'यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' से पूर्व सभी जिलों में इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन पर जोर दिया है और जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि वे इन निवेशक सम्मेलनों की कमान संभालें। मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह अपने सरकारी आवास पर आगरा, सहारनपुर, आजमगढ़, झांसी व मुरादाबाद मंडलों और शाम को अलीगढ़ मंडल के चारों जिलों के जनप्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठकों में सांसद व विधायकों से इस दिशा में पहल की अपेक्षा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने इन जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा भी की।

मुख्यमंत्री योगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का विशेषतौर पर जिक्र करते हुए कहा कि देश-दुनिया के निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। इस विशेष आयोजन को लेकर देश-दुनिया के निवेशकों को आमंत्रित करने गई 'टीम यूपी' को उद्योग जगत की ओर से 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। हाल के दिनों में कुछ जिलों ने जिला स्तर पर इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर अपने जिले में हजारों करोड़ के निवेश प्राप्त किए। ऐसा ही प्रयास सभी जिलों में किया जाना चाहिए। जनप्रतिनिधि जिला इन्वेस्टर्स समिट को नेतृत्व दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद-विधायक प्रशासन, औद्योगिक विकास विभाग, इन्वेस्ट यूपी और सीएम कार्यालय का सहयोग लेते हुए सरकार की नई औद्योगिक नीतियों का प्रचार करें। विश्वविद्यालय, कालेजों, आइटीआइ, पालिटेक्निक में युवाओं के बीच परिचर्चा कराई जाए। इस अवसर पर केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य, गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

संबंधित सामग्री » 7